शिक्षा विद्याशाखा, उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

संख्या : ओ.यू. / शिक्षा विद्याशाखा / 715 / 2021 दिनांक : 12.01.2021

शिक्षक, शिक्षक प्रशिक्षकों एवं दिव्यांग शिक्षार्थियों हेतु अधिगम / अध्ययन सामग्री सम्बन्धी महत्वपूर्ण सूचना

विश्वविद्यालय के समस्त अध्ययन केन्द्र समन्वयकों को अवगत कराना है कि –

1. विश्वविद्यालय की शिक्षा विद्याशाखा में श्रवण दिव्यांग शिक्षार्थियों एवं विशिष्ट शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों / परामर्शदाताओं के अनुप्रयोग हेतु भारतीय सांकेतिक भाषा शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली द्वारा विकसित **भारतीय सांकेतिक भाषा शब्दकोष (ISL)** सार्फ्ट माध्यम में उपलब्ध है। इच्छुक शिक्षक अथवा शिक्षार्थी (स्वयं के पेन ड्राइव, सी0डी0 एवं डी0वी0डी0 में) शिक्षा विद्याशाखा से सम्पर्क कर उक्त को निःशुल्क प्राप्त कर सकते है।

2. विश्वविद्यालय की शिक्षा विद्यांशाखा में बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम के लगभग समस्त प्रश्नपत्र ऑडियो बुक (Audio Book) सार्फ्ट प्रारूप में उपलब्ध हैं। इच्छुक शिक्षक व शिक्षार्थी (स्वयं के पेनड्राइव, सी0डी0 अथवा डी0वी0डी0 में) उक्त को शिक्षा विद्याशाखा से सम्पर्क कर निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। उक्त ऑडियो बुक राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांग सशक्तीकरण संस्थान, (NIEPVD) देहरादून द्वारा विकसित की गयी है।

3. विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रम में प्रवेशित सभी दृष्टि दिव्यांग व अल्प दृष्टि दिव्यांग शिक्षार्थी अपने पाठ्यक्रमानुसार ऑडियो बुक **राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांग सशक्तीकरण संस्थान, (NIEPVD) देहरादून** के पुस्तकालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। इस हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेशित दृष्टि दिव्यांग एवं अल्प दृष्टि दिव्यांग शिक्षार्थीयों को अपने आवेदन पत्र को शिक्षा विद्याशाखा से अग्रसारित कराके **राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांग सशक्तीकरण संस्थान, (NIEPVD) देहरादून** के पुस्तकालय में प्रेषित कर पंजीकरण कराना होगा। इच्छुक शिक्षार्थी प्रक्रिया पूर्ण कर अधिगम / अध्ययन सामग्री का लाभ प्राप्त कर सकते है।

भवदीय

12/01/2021

(प्रो0 पी0 के0 पाण्डेय)
प्रभारी निदेशक, शिक्षा विद्याशाखा